# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216
E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817

पत्रांक 803 / W-16 / 64 दिनांक- 04-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 03 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "65 महिने बाद 650 में से सिर्फ 29 गांवों तक पहुंच रहा पानी" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 03 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"65 महिने बाद 650 में से सिर्फ 29 गांवों तक पहुंच रहा पानी"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

**1. पटवध ग्राम सूगड़ पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण मा0 विधायक जी श्री भूपेश चौबे द्वारा किया।**

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड चोपन (आंशिक), राबर्ट्सगंज (आंशिक), घोरावल व करमा के ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 643 ग्रामों पाइप लाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने हेतु जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत पटवध ग्राम सूमह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य में0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कुल 643 ग्रामों में के सापेक्ष 297 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। गर्मी के मौसम में आंधी, तेज हवाऐं चलने के कारण विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो जाते है या विद्युत तारों के ऊपर पेंड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जलापूर्ति प्रभावित होती है, जिसको तत्काल विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये मरम्मत करा जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जाती है। शेष 346 ग्रामों में पाइप लाइन टेस्टिंग, कमिशनिंग व गैप्स क्लोजिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है, जिसको माह अगस्त 2026 तक पूर्ण करते हुये योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त ग्रामों में शत्प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,
(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
5. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

# Sonebhadra News: 65 महीने के बाद 650 में से सिर्फ 29 गांवों तक पहुंच रहा पानी

वाराणसी ब्यूरो
Updated Sun, 03 May 2026 01:18 AM IST



पटवध पेयजल परियोजना का निरीक्षण करते विधायक भूपेश चौबे।स्रोत स्वयं

सोनभद्र। हर घर जल योजना की प्रगति जिले में बेहद सुस्त है। सबसे बड़ी पटवध पेयजल परियोजना से 65 महीने की मशक्कत के बाद भी अब तक सिर्फ 29 गांवों में नियमित पानी पहुंच पा रहा है, जबकि इस योजना से 650 गांवों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। बेहद सुस्त गति पर शनिवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने नाराजगी जताई। परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक ने अफसरों को खड़ाकर उनसे सवाल जवाब किए। हिदायत दी कि इस साल तक हर हाल में काम पूरा करें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

Trending Videos

## ये भी पढ़ें




**ओपेक में दरार: भारत जैसी अर्थव्यवस्थाओं के लिए नए दरवाजे खोल सकती है 'तेल की धार'**

विचार



**Sonebhadra News: स्मार्ट मीटर के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन, डिजिटल लूट का आरोप**

सोनभद्र



**Sonebhadra News लोगों को वापस मिले म फोन**

सोनभद्र


जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना की पटवध पेयजल परियोजना का शिलान्यास 22 नवंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया था। योजना के तहत 650 गांवों में हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि अब तक महज 29 गांवों में ही पानी की आपूर्ति हो सकी है, इससे योजना की प्रगति पर सवाल उठने लगे हैं। विधायक ने अधिकारियों को एसी कमरों से बाहर निकलकर जमीनी हकीकत समझने की नसीहत दी। चेतावनी दी कि अगर दिसंबर 2026 तक सभी 650 गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हुई तो कार्यदायी संस्था और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विज्ञापन